गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन

विज्ञानं जनहिताय


मराठी विज्ञान परिषद

के संयुक्त उपक्रम से आयोजित

स्मॉल इज़ ब्यूटीफुल

# राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतियोगिता






## संकल्पना

वर्तमान समय में विज्ञान के कई आविष्कार और उपयोग नैतिकता की कसौटी पर खरे नहीं उतरते हैं। ऐसे दौर में नैतिक मूल्यों को दृढ़ करने वाले वैज्ञानिक खोजों को बढ़ावा देने की ज़रूरत है। यह आविष्कार छोटे किंतु उपयुक्त होना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। साथ ही बच्चों की मानसिकता रचनात्मक, सर्वसमावेशक, शोषणमुक्ति और शाश्वत समाज की ओर मुड़े ऐसा वातावरण निर्माण होना भी आवश्यक है। ऐसे छोटे आविष्कारों के ज़रिये देश के गाँवों को नई दिशा मिले और वे गाँधीजी की संकल्पना के ग्राम स्वराज की ओर बढ़ सके ऐसी अपेक्षा है। इंसान अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास कर सके और नैतिकता के मापदंड में भी सही उतरे। इसका आरंभ छात्र जीवन से ही होना चाहिए।

उपरोक्त उद्देश्य के साथ गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन तथा मराठी विज्ञान परिषद साथ मिलकर आम आदमी के जीवन को प्रभावित करने वाले आविष्कार को बढ़ावा देना चाहते हैं। इस प्रक्रिया में छात्र शामिल हों इसलिए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। छात्र गाँधी विचार के परिप्रेक्ष्य में रचनात्मक आविष्कार की दिशा में सोचें और ऐसे नवसर्जन करें जिसके मूल में विकेन्द्रीकरण, उपयुक्त तंत्रज्ञान, शाश्वतता तथा पर्यावरण पूरक तत्व की संकल्पना बसी हो, यानी कि **'स्मॉल इज़ ब्यूटिफुल'***।

**(प्रसिद्ध अर्थशास्त्री ई. एफ. शुमाकर ने गाँधीजी को प्रेरणा स्रोत मानकर मध्यवर्ती, समुचित, स्वदेशी, प्रौद्योगिकी की बात कही है, उनके द्वारा लिखित किताब 'स्मॉल इज़ ब्यूटिफुल' मानवमुखी तकनीकी को सैद्धांतिक तौर पर प्रस्तुत करती है।)*



## निम्नलिखित विषयों पर आप मॉडेल बना सकते हैं

- **पर्यावरणीय** – जल और हवा प्रदुषण कम करना, शुद्ध पानी की उपलब्धता को सुनिश्चित करने वाली तकनीक, जैव विविधता, संरक्षण और संवर्धन।
- **ऊर्जा** – ग्रिड बिजली के उपयोग को कम करना तथा वैकल्पिक ऊर्जा, हरित ऊर्जा, बायोगैस, जैव ईंधन का प्रभावी प्रयोग करने के रचनात्मक मॉडेल तैयार करना।
- **सूचना और संचार प्रौद्योगिकी** – परिवहन और संचार प्रोद्योगिकी, ऑटोमोबाइल और अन्य वाहनों की प्रदूषण मुक्त डिजाइन। आधुनिक उपकरणों जैसे टेलीविजन, रेडियो, मोबाइल, फोन, ई-मेल, इंटरनेट आदि के उपयोग के द्वारा सुविधा उपलब्ध करना।
- **स्वच्छता** – कचरे का विभाजन, पुनर्चक्रण, पानी का पुनः उपयोग, स्वच्छता से संबंधित साधन तथा तकनीक में बदलाव।
- **रोजगार व ग्रामोदय** – आत्मनिर्भर गाँव, देहात और शहर के बीच सेतु (Bridge), कुटीर उद्योगों में बढ़ोतरी करने के तरीके तथा तकनीक।
- **कृषि** – शाश्वत कृषि, अल्प संसाधन में उत्कृष्ट उत्पादन, भू-जल रिचार्जिंग और सिंचाई के तरीके। खेत में उत्पादित माल का मूल्य वर्धन प्रक्रिया। जैविक खेती, खाद, कीट और कीट नियंत्रण के जैविक उपाय।
- **शिक्षा** – बुनियादी शिक्षा, आजीविका आधारित शिक्षा, ग्रीन स्कूल।




## मॉडेल चयन करने के मापदंड

- रचनात्मक कल्पना
- प्रयोग की मौलिकता और नवप्रवर्तन
- आर्थिक (कम लागत, टिकाऊ, पर्यावरण पूरक)
- शैक्षिक मूल्य
- वैज्ञानिक विचार और दृष्टिकोण
- तकनीकी कौशल (कला और शिल्प कौशल)
- प्रस्तुति (प्रदर्शन और स्पष्टीकरण)
- उपयोगिता

## निर्देशिका

- पंजीकरण ऑनलाइन किया जाएगा।
- पंजीकरण निशुल्क है।
- प्रतियोगिता में 5 से 10 कक्षा के छात्र सम्मिलित हो सकते हैं।
- प्रतियोगिता दो गुट में विभाजित की जाएगी।
  - प्रथम गुट – 5वीं से 7वीं
  - द्वितीय गुट – 8वीं से 10वीं
- विद्यालय तथा शिक्षक से निवेदन है कि छात्रों को मॉडेल बनाने में मार्गदर्शन प्रदान करें।
- प्रतियोगिता में विद्यालय के अलावा व्यक्तिगत तौर पर भी हिस्सा ले सकते हैं। तथा समूह में भी हिस्सा ले सकते हैं।
- एक समूह में अधिक से अधिक 3 छात्र ही रह सकते हैं, किंतु पंजीकरण केवल एक छात्र के नाम से ही किया जाएगा। और पुरस्कार समूह को दिया जाएगा।
- प्रतियोगिता में सहभागी छात्र को क्रमांक, आईडी तथा पासवर्ड फाउण्डेशन द्वारा दिया जाएगा।
- किसी भी विषय या मॉडेल को समझाने वाले वीडियो के लिए अधिकतम 5 मिनट का समय है।
- सभी प्रतिभागियों को मॉडेल की तस्वीर के साथ अपने प्रयोग की संकल्पना 300 शब्दों की मर्यादा में लिखकर सबमिट करनी होगी।
- प्राप्त मॉडेल में से चयनित मॉडेल को सोशल मीडिया पर शेअर किए जाएंगे। सोशल मीडिया पर प्राप्त लाइक्स द्वारा तथा चयन समिति द्वारा विजेता घोषित किए जाएंगे।
- प्रस्तुत मॉडेल तथा संकल्पना इससे पहले कहीं पर भी प्रस्तुत नहीं किया गया होना चाहिए। ऐसा पाया जाने पर आपका पंजीकरण रद्द किया जाएगा।
- चयन समिति का निर्णय अंतिम रहेगा तथा इस प्रतियोगिता में किसी भी तरह के परिवर्तन का अधिकार गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन तथा मराठी विज्ञान परिषद का रहेगा।
- इस प्रतियोगिता में आप हिस्सा ले रहे हैं इसका मतलब यह है कि प्रतियोगिता से संबंधित सभी नियम व शर्तें आपको मंजूर है।

## वीडियो बनाने की मार्गदर्शक विधि

वीडियो के आरंभ में अपना या समूह का नाम, स्थल, विद्यालय का नाम तथा गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन तथा मराठी विज्ञान परिषद द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतियोगिता में .......*(मॉडल का नाम)*........मॉडेल प्रस्तुत कर रहा हूँ / रहे हैं।

इसके अतिरिक्त निम्नलिखित मुद्दे का समावेश होना आवश्यक है।

- मॉडेल का सार
- अनुसंधान
- वैज्ञानिक दृष्टिकोण
- परिकल्पना
- सामग्री का विवरण
- प्रक्रिया
- डेटा
- परिणाम
- विश्लेषण
- निष्कर्ष

a. उम्मीदवार / समूह के द्वारा हिंदी, अंग्रेजी, मराठी में से कोई एक भाषा में एक ही वीडियो भेजना है।

b. आपके द्वारा रिकार्ड किया गया वीडियो अधिक से अधिक 5 मिनट तथा 500 एमबी तक का ही होना चाहिए।


c. आप मोबाइल कैमरा तथा अन्य कैमरा से वीडियो बना सकते हैं।

d. मोबाईल आड़ा (horizontal) रख कर वीडियो रिकार्ड करें।

e. वीडियो उजाले में, शांत वातावरण में तथा स्पष्ट आवाज में तैयार किया गया होना चाहिए।

f. आपके द्वारा बनाया गया मॉडेल तैयार होने के बाद छात्र पहचान पत्र / आधार कार्ड, छात्र का पासपोर्ट साइज फोटो, मॉडेल का संपूर्ण वीडियो, मॉडेल की तस्वीरें तथा संकल्पना निम्न लिंक पर आपको दिए गए क्रमांक, आयडी तथा पासवर्ड के जरिए लॉग इन कर जमा (Submit) करनी होगी।


लिंक: **http://gandhifoundation.net/NICF/index.htm**



## सावधानियां

- सभी की सुरक्षा ध्यान में रखना जरूरी है।
- यह सुनिश्चित करें की किसी भी तरह का शारीरिक, सामाजिक, संपत्ति या पर्यावरण को नुकसान न होना चाहिए।
- प्रतिभागी अपनी सामान्य सुरक्षा जैसे रासायनिक तत्त्व, अग्नि, विद्युत, संरचनात्मक और यांत्रिक सुरक्षा, कम्प्रेस गैस, लेजर सुरक्षा के लिए स्वयं जिम्मेदार हैं।
- किसी भी जीवित जानवर या व्यक्ति का प्रदर्शन नहीं किया जाना चाहिए।
- आपका मॉडेल किसी भी तरह की कानूनी विधि को अवरोध पहुँचाने वाला न होना चाहिए।

## पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र



- इस प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
- प्रथम चरण में चयनित होने वाले छात्रों को मार्गदर्शन देने वाले शिक्षक को भी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।
- पुरस्कार प्राप्त छात्रों के विद्यालय को सम्मान चिह्न प्रदान किया जाएगा।
- इस प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागी द्वारा बनाए गए मॉडेल अगर रचनात्मक है अथवा नवीनता पूर्ण है तो इससे आगे बढाना तथा पेटेंट करवाने में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।
- हर एक गुट में से तीन विजेता तथा चार प्रोत्साहन पुरस्कार घोषित किए जाएंगे।

***निम्नलिखित राशि के मूल्य की शैक्षिक सामग्री प्रदान की जाएगी।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| ♦ प्रथम पुरस्कार | ₹ 31,000/-* | ♦ द्वितीय पुरस्कार | ₹ 21,000/-* |
| ♦ तृतीय पुरस्कार | ₹ 15,000/-* | ♦ प्रोत्साहन पुरस्कार -4 | ₹ 5,000/-* |

## मार्गदर्शक तथा चयन समिति

डॉ. अनिल काकोडकर, अध्यक्ष, गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन


प्रो. जे. बी. जोशी, अध्यक्ष, मराठी विज्ञान परिषद,

श्री अनंत देशपांडे, मानद सचिव, मराठी विज्ञान परिषद

डॉ. सुदर्शन आयंगार, संचालक, गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन

डॉ. विपिन कुमार, निदेशक, राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान

## महत्वपूर्ण तिथियां



| | |
|---|---|
| पंजीकरण प्राप्त की अंतिम तिथि | 30/1/2021 |
| मॉडेल तथा संकल्पना भेजने की अंतिम तिथि | 15/2/2021 |
| चयनित मॉडेल के वीडियो तथा प्रस्तुति को सोशल मीडिया पर घोषित करने की तिथि | 18/2/2021 |
| चयनित मॉडेल के वीडियो को सोशल मीडिया पर लाइक और कमेंट प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 26/2/2021 |
| विजेता घोषित करने की तिथि - राष्ट्रीय विज्ञान दिवस | 28/2/2021 |

पंजीकरण के लिए निम्न लिंक पर क्लिक करें
http://gandhifoundation.net/NICF/index.htm


**गाँधी रिसर्च फाउण्डेशन**

गाँधी तीर्थ, जैन हिल्स, जलगाँव – 425001 महाराष्ट्र

संपर्क क्रमांकः 9404955220, 9823362330, 9404955226, 9422775918, 0257-2264803

ई-मेल: info@gandhifoundation.net, skills@gandhifoundation.net; वेबसाईट: www.gandhifoundation.net